>

Title: Regarding BSNL service in Jammu and Kashmir - Laid

**श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू):** मैं सरकार का ध्यान जम्मू कश्मीर राज्य में बी.एस.एन.एल. की सेवाओं पर केन्द्रित करना चाहता हूँ । राज्य में बी.एस.एन.एल. की बहुत ही खराब स्थिति है जिसकी वजह से वहां के लोग दूसरे कंपनी जैसे एयरटेल, वोडाफोन जैसी कंपनी की ओर रूख कर रहे हैं । क्या सरकार ने इस विषय पर कोई ठोस कदम उठाया है ?

दूर-दराज के क्षेत्रों में सिग्नल नहीं आता, यही स्थिति शहरों की भी है, शहरों में भी सेवाएं पर्याप्त नहीं हैं, राज्य में इंटरनेट सेवा 2 जी/3जी की स्थिति खराब है, क्या इसकी वजह राज्य में टॉवरों का कम होना या ठीक प्रकार से काम न करना है या इसकी कोई और वजह है?

इस क्षेत्र से संबंधित निजी कंपनियां जो कि बी एस एन एल के द्वारा ही अपनी सेवाएं जनता तक पहुंचाती हैं, लेकिन निजी कम्पनियों और बी एस एन एल के नेटवर्क में बहुत फर्क है, ऐसा क्यों है ?

मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि जम्मू कश्मीर की जनता बी एस एन एल के नेटवर्क से बहुत परेशान है, कृपया जल्द से जल्द इस पर कोई ठोस कदम उठाया जाए जिससे की जनता निजी कम्पनियों की तरफ आकर्षित न हों ।